Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 16 जनवरी, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-16-january-2020

खाद्य प्रसंस्करण सम्मेलन

16 जनवरी, 2020 को लद्दाख में खाद्य प्रसंस्करण शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास हेतु भागीदारी को बढ़ाना है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एवं केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने इस एकदिवसीय शिखर सम्मेलन का आयोजन किया है। इसमें लेह और कारगिल के उद्यमी भी भाग ले रहे हैं।

भारत में निवेश करेगी अमेज़न

विश्व की प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी अमेज़न (Amazon) ने भारत के लघु एवं मध्यम उपक्रमों (SMB) को डिजिटल बनाने के लिये एक अरब डॉलर का निवेश करने की घोषणा की है। अमेज़न के CEO जेफ बेज़ोस ने लघु एवं मध्यम उपक्रमों पर आयोजित **अमेज़न संभव सम्मेलन** को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। दो दिवसीय इस सम्मेलन में इस विषय पर चर्चा की जाएगी कि लघु एवं मध्यम उपक्रमों को किस प्रकार प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूक किया जा सकता है।

कैप्टन तान्या शेरगिल

72वें भारतीय सेना दिवस के अवसर पर आयोजित परेड में कैप्टन तान्या शेरगिल पुरुष बटालियन का नेतृत्व करने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। मार्च 2017 में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकैडमी (OTA), चेन्नई से कमीशन हुईं कैप्टन तान्या शेरगिल पंजाब की रहने वाली हैं और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में ग्रेजुएट हैं। कैप्टन तान्या शेरगिल थल सेना के सिग्नल कॉर्प्स में कैप्टन हैं।

रोजगार संगी (Rojgaar Sangi) एप

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित युवा महोत्सव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'रोज़गार संगी' नाम से एक मोबाइल एप लॉन्च किया है। इस एप के माध्यम से प्रदेश के लाखों बेरोज़गार युवाओं को रोज़गार मिल सकेगा। इस एप का निर्माण छत्तीसगढ़ के राज्य कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा किया गया है। यह मोबाइल एप रोज़गार प्रदान करने वाली संस्थाओं और कौशल प्रशिक्षित युवाओं के मध्य एक पुल की तरह काम करेगा।